DATE / /
PAGE No.

Class-5 Hindi-1st Lesson-13

(i) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

प्रश्न-1 राजा नरसिंह देव ने कैसे मंदिर की कल्पना की?

उत्तर 1 राजा नरसिंह देव ने कल्पना की कि एक ऐसा हो, जो सागर के तट पर हो, उसके द्वार और सीढ़ियों को सागर की लहरे धोती रहें। सूर्योदय होने पर सूर्य की पहली किरण मंदिर के गर्भ गृह में स्थित देवता के चरणों को स्पर्श करे।"

प्रश्न 2 शिबोई को कोणार्क का मंदिर बनाने का सही ध्यान कब हुआ?

उत्तर 2 एक दिन शिबोई समुद्र के तट पर घूमने गया और थककर वहीं रेत पर सो गया। सुबह अचानक हड़बड़ाकर उठा ~~उठा~~ तो देखा कि सागर का जल उसके पाँव पखार रहा है तथा सूर्य की सुनहरी किरणें उसके मुख पर पड़ रही हैं।

DATE / /

PAGE No.

बस शिबोई खुशी-खुशी राजा के पास जाकर कहने लगा - 'महाराज आपकी कल्पना के अनुरूप मैं मंदिर बना दूंगा।

प्रश्न.3 कलश चढ़ाने के बाद धर्मपाद ने क्या किया और क्यों?

उत्तर.3 कलश चढ़ाने के बाद धर्मपाद ने मंदिर के शीर्ष से कूदकर आत्महत्या कर ली क्योंकि वह अपने पिता और शिबोई आदि को अपमानित करके इसका श्रेय नहीं लेना चाहता था।

प्रश्न.4 कोणार्क के मंदिर में स्थापित प्रतिमा के मुख के भावों में दिन के विभिन्न पहरों में किस-किस प्रकार के परिवर्तन आते थे?

उत्तर.4 प्रातः काल जब सूर्य कि प्रतिमा का मुख शांत और सौम्य दिखाई पड़ता था। मध्याह्न मे सूर्य कि किरणों के सीधे पड़ने से प्रतिमा के चेहरे पर कठोरता और सायंकालीन सूर्य की किरणों के प्रभाव से थकावट का भाव देखा जा सकता था।

New Delhi-110...
Website: www.cordova.co.in
e-mail: info@cordova.co.in

DATE / /
PAGE No.

प्रश्न5 मंदिर के गर्भ गृह में किसकी मूर्ति स्थापित है?

उत्तर:5 मंदिर के गर्भ गृह में सूर्य की मूर्ति स्थापित है।

DATE / /
PAGE No.

Class-5th Hindi-I Lesson-14

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

प्रश्न 1- कवि ने बच्चों के दोनों हाथों में क्या-क्या बताया है?
उत्तर 1- कवि ने बच्चों के एक हाथ में तिरंगा और दूसरे हाथ में तीर कमान बताया है।

प्रश्न-2 कवि ने नदियों का परिधान किसे बताया है?
उत्तर 2- कवि ने नदियों का परिधान हिंद महासागर की लहरो को बताया है।

प्रश्न-3 दीवारो मे किसे चिना गया और क्यो?
उत्तर - गुरु गोविंद सिंह के बेटे देश-धर्म की खातिर दीवारों मे जिंदा ही चिनवा दिए गए।

प्रश्न-4 प्रस्तुत कविता में कौन-कौन से वीरो के नाम आए है? लिखिए-
उत्तर:- प्रस्तुत कविता पद्मिनियां, झाँसी की रानी शिवाजी, अब्दुल हमीद, और गुरु गोविंद जैसे वीरो के नाम आए है।

DATE / /
PAGE NO.

CLASS-5th. Hindi-1st L-15 Q/A

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —

प्रश्न-1 पहला अंतरिक्ष यात्री किस देश का निवासी था और उसका क्या नाम था?

उत्तर-1 पहला अंतरिक्ष यात्री रूस देश का निवासी था और उसका नाम यूरी गागारिन था।

प्रश्न-2 अमेरिका का पहला अंतरिक्ष यात्री कौन था और उसके यान का क्या नाम था?

उत्तर-2 अमेरिका का पहला अंतरिक्ष यात्री एलन शेपर्ड था और उसके यान का नाम मरकरी था।

प्रश्न-3 पहली महिला अंतरिक्ष-यात्री कौन थी और वह किस देश की थी?

उत्तर-3 पहली महिला अंतरिक्ष-यात्री वैलेंतीना व्लादिमिनोव्ना तेरेस्कोवा थी और वह रूस देश की थी।

प्रश्न-4 भारत के किस व्यक्ति ने कब अंतरिक्ष-यात्रा

DATE / /
PAGE NO.

CLASS- 5th Hindi- 1st L- 15 Q/A

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

प्रश्न-1 पहला अंतरिक्ष यात्री किस देश का निवासी था और उसका क्या नाम था?

उत्तर-1 पहला अंतरिक्ष यात्री रूस देश का निवासी था और उसका नाम यूरी गागारिन था।

प्रश्न-2 अमेरिका का पहला अंतरिक्ष यात्री कौन था और उसके यान का क्या नाम था?

उत्तर-2 अमेरिका का पहला अंतरिक्ष यात्री एलन शेपर्ड था और उसके यान का नाम मरकरी था।

प्रश्न-3 पहली महिला अंतरिक्ष-यात्री कौन थी और वह किस देश की थी?

उत्तर-3 पहली महिला अंतरिक्ष-यात्री वैलेंतीना व्लादिमिनोव्ना तेरेस्कोवा थी और वह रूस देश की थी।

प्रश्न-4 भारत के किस व्यक्ति ने कब अंतरिक्ष-यात्रा

DATE / /

PAGE NO.

की ?

उत्तर-4 भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने 3 अप्रैल 1984 को अपने दो साथियों के साथ रूसी अंतरिक्ष यान सोयूज टी-11 में उन्होंने उड़ान भरी।

DATE / /
PAGE No.

Class-5th. Hindi-1st Lesson-16 Q/A

(घ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

प्रश्न-1 लिलिपुट के लोगों की औसत ऊँचाई कितनी थी?

उत्तर-1 लिलिपुट के लोगों की औसत ऊँचाई छह इंच थी।

प्रश्न-2 गुलीवर ने हार जाने का अभिनय क्यों किया?

उत्तर-2 गुलीवर को तीर सुई की तरह चुभ रहे थे। इसलिए उसने हार जाने का अभिनय किया और फिर से लेट गया।

प्रश्न-3 संकेतों की भाषा किसे कहते है?

उत्तर-3 इशारों में समझना सांकेतिक भाषा होती है।

प्रश्न-4 गुलीवर के बेहोश शरीर को गाड़ी पर कैसे लादा गया?

उत्तर- लिलिपुट के लोग अच्छे गणितज्ञ थे वे बड़े-बड़े जहाज बनाकर विशेष गाड़ियों में लादकर उन्हें

समुद्र तक ले जाते थे। उसी विशेष गाड़ी में गुलीवर के शरीर को लादा गया।

प्रश्न-5 गुलीवर को लिलिपुट की भाषा किसने सिखाई ?

उत्तर-5 लिलिपुट के विद्वान ने गुलीवर को वहाँ की भाषा सिखाई।

DATE / /
PAGE No.

Class-5th Hindi-Ist Lesson-17 Q/A

(घ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

प्रश्न-1 सिकंदर ने भारत के किस राजा को युद्ध में परास्त किया था ?

उत्तर-1 सिकंदर ने भारत के राजा पुरु को युद्ध में परास्त किया था।

प्रश्न-2 नदी के किनारे पहुँचकर सिकंदर ने क्या देखा ?

उत्तर-2 नदी के किनारे पहुँचकर सिकंदर ने देखा कि साधु आग के चारों ओर बैठकर धुनी रमा रहे हैं।

प्रश्न-3 सिकंदर अपने शिविर क्यों लौट आया?

उत्तर-3 सिकंदर साधुओं के लिए कंबल और ऊनी वस्त्र लेने के लिए शिविर में लौट आया।

प्रश्न-4 वृद्ध साधु की बात का सिकंदर पर क्या प्रभाव पड़ा ?

DATE / /
PAGE No.

उत्तर-4 वृद्ध साधु की बात सुनकर सिकंदर को अहसास हुआ कि उसने विश्व विजेता बनने के लिए कितने असहाय लोगों को मारा है। उसने अपने अपराधों की क्षमा साधु से माँगी।

प्रश्न-5 सिकंदर ने स्वदेश लौटने की घोषणा क्यों की?

उत्तर-5 सिकंदर ने साधुओं के सम्मुख अपनी हार स्वीकार करके शिविर में लौटकर घोषणा कर दी कि हम प्रात: स्वदेश लौट जाएँगे।

DATE / /
PAGE No.

Class-5th Hindi-1st Lesson-18 Q/A

प्रश्न-1 पशु-शक्ति से कवि का क्या आशय है?

उत्तर-1 पशु-शक्ति से कवि का आशय है कि संसार में पशु शक्ति का प्रयोग न हो।

प्रश्न-2 निज देश पर अभिमान क्यों होना चाहिए?

उत्तर-2 कवि कहता है कि हमें निश्चित रूप से देश पर अभिमान होना चाहिए।

प्रश्न-3 व्यक्ति के सम्मान का क्या अर्थ है?

उत्तर-3 कवि कहता है कि व्यक्ति के व्यवहार, उसकी छवि का सम्मान होना चाहिए।

प्रश्न-4 स्वार्थी व्यक्ति कैसा हो जाता है?

उत्तर-4 कवि कहता है कि स्वार्थ अपना हित साधने की उग्र भावना है। स्वार्थी व्यक्ति कमजोर होता है।

DATE / /
PAGE No.

प्रश्न-5 मनुष्यों को किसकी आराधना करनी चाहिए?

उत्तर-5 मनुष्यो को अपने आदर्शों की आराधना करनी चाहिए।

प्रश्न-6 हमें अपने देश के हित के साथ-साथ विश्व-हित का ध्यान क्यों होना चाहिए?

उत्तर-6 हमे अपने देश के हित साथ-साथ विश्व-हित का ध्यान इसलिए रखना चाहिए जिससे हमारे देश प्रगति करे।

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए

1 निज चित्त - - - - - - - - अधिकार हो

भावार्थ- प्रस्तुत पंक्तियो में कवि कहता है कि सभी लोगो का अपने मन पर तथा अपने जीवन पर हमेशा अधिकार होना चाहिए।

2. निज स्वार्थ - - - - - - - अनुसार हो।

भावार्थ- प्रस्तुत पंक्तियों में कवि कहता है कि सभी लोग उदार व परोपकारी हो

DATE / /
PAGE No.

कोई भी व्यक्ति ऐसा न हो जो केवल अपने स्वार्थ को ही पूरा करे।